
बकरीद | जिले में धूमधाम से मनाई गई बकरीद, नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी

# ईदगाहों और मस्जिदों में अदा हुई नमाज, मांगी अमन-चैन की दुआ

**अनूपपुर, नवभारत 28 मई।** जिले भर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व गुरुवार को गर्मी के बीच पूरे उत्साह, धार्मिक आस्था और परंपरागत तरीके से मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा कर देश और समाज में अमन-शांति, भाईचारे एवं खुशहाली की दुआ मांगी।

जिले के अनूपपुर, जैतहरी, भालूमाड़ा, राजनगर, कोतमा, बिजुरी, रामनगर, चचाई और वेंकटनगर सहित 29 स्थानों पर नमाज अदा की गई। जिला मुख्यालय अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित चंदास नदी के पास बने ईदगाह में सुबह 7.15 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज हाफिज मोहम्मद सलमान रजा द्वारा अदा कराई गई। बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग नमाज में शामिल हुए और अल्लाह की इबादत में सजदा किया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी।



### यह पर्व एकजुटता को मजबूत करने का संदेश देता है : जायसवाल

प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व समाज में सद्भाव और एकजुटता को मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने सभी के सुख, शांति और स्वास्थ्य की कामना की।

### ईद-उल-अजहा त्याग, बलिदान और संयम का पर्व है : इमाम रजा

ईदगाह में नमाज के बाद इमाम हाफिज मोहम्मद सलमान रजा ने अपने संबोधन में कहा कि ईद-उल-अजहा त्याग, बलिदान और संयम का पर्व है। उन्होंने बताया कि हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म पर अपने पुत्र हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी देने की तैयारी की थी, जिससे प्रसन्न होकर अल्लाह ने उन्हें महान दर्जा प्रदान किया। इसी परंपरा के तहत मुस्लिम समाज द्वारा कुर्बानी दी जाती है।

### विभिन्न क्षेत्रों में तैनात रहा पुलिस बल

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा। अनूपपुर मुख्यालय में एसडीएम प्राची अग्रवाल, थाना प्रभारी, यातायात पुलिस और नगरपालिका अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्य मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया था।

### कुर्बानी समर्पण की भावना से की जानी चाहिए

उन्होंने कहा कि कुर्बानी दिखावे के लिए नहीं बल्कि आत्मशुद्धि और समर्पण की भावना से की जानी चाहिए। नमाज के बाद जिले भर में कुर्बानी का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। लोगों ने घरों में विशेष पकवान बनाए और एक-दूसरे के घर जाकर मिठाइयां एवं व्यंजन बांटे। विभिन्न धर्मों के लोगों ने भी मुस्लिम समाज के लोगों को बकरीद की शुभकामनाएं दीं।

### भालूमाड़ा में छोटे बच्चों में दिखा खासा उत्साह

भालूमाड़ा नगर में ईद-उल-जुहा का पर्व शांति और सौहार्द के वातावरण में मनाया गया। दफाई नंबर-3 स्थित छोटी मस्जिद एवं जमुना कॉलरी सहित विभिन्न स्थानों पर नमाज अदा की गई। ईदगाह में छोटे-छोटे बच्चे नए कपड़ों में पहुंचे और नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी।

### कोतमा में शांति और सौहार्द के साथ मनाई गई बकरीद

कोतमा नगर में भी बकरीद का पर्व भाईचारे और उल्लास के साथ मनाया गया। वार्ड क्रमांक-9 स्थित विकास नगर मस्जिद और लहसुई गांव के ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा कर क्षेत्र में अमन-चैन की दुआ मांगी। नगर पालिका द्वारा साफ-सफाई, पेयजल और अन्य व्यवस्थाएं की गई थीं। थाना प्रभारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर लोगों को शुभकामनाएं दीं। कोतमा के अलावा निगवानी, पैरीचुआं और सारंगगढ़ में भी शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई।

# घर में फंदे से लटका मिला 20 वर्षीय युवक का शव

जांच में जुटी पुलिस, घर पर युवक अकेला था

**कोतमा, नवभारत 28 मई।** कोतमा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम बुढ़ानपुर में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक 20 वर्षीय युवक का शव उसके ही घर में फंदे से लटकता हुआ पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान विकास उर्फ नत्थू के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे तक जब विकास के घर का दरवाजा नहीं खुला और घर में बंधे मवेशी भूख-प्यास से चिल्लाने लगे, तो आसपास के पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई। मोहल्ले के कुछ लोगों ने जब बाड़ी (अहाते) की तरफ से कूदकर घर के भीतर प्रवेश किया, तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। विकास घर के बरामदे में फंदे से झूल रहा था।

### मौके के हालात खड़े कर रहे सवाल

घटनास्थल पर शव के ठीक बगल में एक सीढ़ी लगी हुई थी, जबकि नीचे फर्श पर एक टेबल फैन, गिलास और लोटा रखा हुआ मिला। पहली नजर में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन घटनास्थल की परिस्थितियां कई अनसुलझे सवाल भी खड़े कर रही हैं, जिसकी बारीकी से जांच होना बाकी है।

### पिता गए थे बेटी के घर

परिजनों के मुताबिक, विकास कुछ दिन पहले ही बाहर रहकर काम करने के बाद अपने गांव लौटा था। उसकी मां का पहले ही निधन हो चुका है, जिसके बाद से वह अपने पिता के साथ रह रहा था। दो दिन पहले ही उसके पिता सत्यनारायण अपनी बेटी (विकास की बहन) के घर गए हुए थे, जिसके कारण विकास घर में पूरी तरह अकेला था। इस बीच ऐसा क्या हुआ कि उसने यह आत्मघाती कदम उठाया या इसके पीछे कोई और वजह है, यह अभी रहस्य बना हुआ है।

# नर्मदा पुष्कर बांध में डूबा 45 वर्षीय युवक

शव तलाशने एसडीआरएफ की टीम रवाना

**अमरकंटक, नवभारत 28 मई।** नर्मदा पुष्कर बांध में गुरुवार दोपहर एक 45 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जिला मुख्यालय से एसडीआरएफ की 5 सदस्यीय गोताखोर टीम को रवाना किया गया।

जानकारी के अनुसार बराती निवासी सुरेश सिंह धुर्वे गुरुवार सुबह घर से इंडियन गैस एजेंसी में गैस सिलेंडर ट्रक खाली कराने के कार्य के लिए निकले थे। घर से निकलते समय उन्होंने अपनी भाभी से कहा था कि वह कुछ पैसे कमाकर जल्द वापस लौट आएंगे। कार्य समाप्त होने के बाद वह नर्मदा पुष्कर बांध पहुंचे और नहाने के उद्देश्य से पानी में उतर गए।



### आसपास मौजूद लोगों ने बचाने का किया प्रयास

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सुरेश सिंह धुर्वे ने बांध की पटरी से गहरे हिस्से की ओर छलांग लगा दी। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें ऐसा करने से मना भी किया, लेकिन उन्होंने किसी की बात नहीं सुनी। कुछ देर बाद जब वह पानी से बाहर नहीं निकले तो आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाते हुए बचाव का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह गहरे पानी में समा चुके थे।

### अत्यधिक गहराई से तैराकों ने अंदर जाने से किया मना

बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर युवक डूबा, वहां पानी की गहराई लगभग 35 से 40 फीट है। अत्यधिक गहराई के कारण स्थानीय तैराकों एवं गोताखोरों ने अंदर जाने से मना कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। घटना के बाद पुष्कर बांध तट पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

### धूल का गुबार बना मुसीबत सांस लेना हुआ मुश्किल

**अनूपपुर, नवभारत 28 मई।** हसदेव क्षेत्र अंतर्गत झिरिया यूजी माइंस के लिए सेमरा से केरहा मार्ग तक बनाई जा रही सड़क अब स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। सड़क निर्माण कार्य के दौरान उड़ रही धूल और सुरक्षा इंतजामों की कमी से आसपास के रहवासी, मरीज, विद्यार्थी और राहगीर प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क निर्माण के दौरान लेवलिंग के लिए कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गए थे। इन गड्ढों से निकाली गई मिट्टी का उपयोग सड़क निर्माण में किया गया, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद भी गड्ढों को सुरक्षित नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि खुले गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं और राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं, वहीं सड़क पर डाली गई डस्ट और मिट्टी के कारण पूरे क्षेत्र में धूल का गुबार उड़ रहा है। गर्मी और तेज हवाओं की वजह से धूल आसपास के घरों और दुकानों तक पहुंच रही है।

# डाली बनी डॉक्टर तो मधु ने संभाला परिवहन विभाग

नगर पालिका पसान में किया गया दोनों का सम्मान

**अनूपपुर, नवभारत 28 मई।** एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र की बेटियों ने अपनी मेहनत और लगन से नगर एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। जमुना कॉलोनी वार्ड क्रमांक 1 निवासी डाली पनिका ने डॉक्टर की डिग्री प्राप्त कर शहडोल मेडिकल कॉलेज में पदभार ग्रहण किया है, वहीं वार्ड क्रमांक 3 निवासी मधु सिंह का चयन बिहार की राजधानी पटना में परिवहन विभाग में उप निरीक्षक पद पर हुआ है। दोनों बेटियों की इस सफलता से क्षेत्र में खुशी और गौरव का माहौल है।

जानकारी के अनुसार डाली पनिका के पिता टेंट हाउस का कार्य करते हैं, जबकि मधु सिंह के पिता भूसा व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। सीमित संसाधनों और संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद दोनों परिवारों ने अपनी बेटियों को बेहतर शिक्षा और संस्कार दिए, जिसका परिणाम आज सफलता के रूप में सामने आया है।



### नपा अध्यक्ष ने किया सम्मानित

नगर की दोनों प्रतिभाशाली बेटियों का सम्मान 28 मई को नगर पालिका परिषद पसान कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रामअवध सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष लाल बहादुर जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, अजय यादव, दिवाकर विश्वकर्मा, सचिन जायसवाल, पार्षद सविता रूपेश सिंह, विकास जायसवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष रीता सिंह, महामंत्री मीनू तिवारी, जय राम सिंह, रविंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, विवेक सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### जिले के लिए गर्व का विषय है : सिंह

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने दोनों बेटियों का पुष्पगुच्छ एवं सम्मान पत्र देकर अभिनंदन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रामअवध सिंह, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह एवं लाल बहादुर जायसवाल ने कहा कि यह पूरे नगर और जिले के लिए गर्व का विषय है। बेटियों ने अपनी मेहनत, लगन और संघर्ष के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति के अंदर दृढ़ संकल्प और मेहनत करने की क्षमता हो तो वह जीवन में किसी भी ऊंचाई को प्राप्त कर सकता है।

## एक नजर में



### वॉटरशेड योजनाओं का सीईओ ने किया निरीक्षण

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने बुधवार को जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में संचालित नल-जल एवं वाटरशेड योजनाओं के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा समय-सीमा में योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जनपद पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गणेश कुमार पांडेय, वाटरशेड परियोजना अधिकारी राजेन्द्र कोसरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की उपयंत्री नीलिमा सिंह, सहायक यंत्री महत्वाकांक्षी सिंह तथा एसबीएम के ब्लॉक समन्वयक पुष्पेंद्र तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सीईओ ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित नल-जल योजना का निरीक्षण करते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी ली।




### इंदिरा ज्योति यात्रा और संकल्प यात्रा अनूपपुर पहुंची

**अनूपपुर, नवभारत 28 मई।** सम्यक अभियान के तहत संचालित इंदिरा ज्योति यात्रा एवं चलें रामराज्य की ओर संकल्प यात्रा अब अनूपपुर जिले में प्रवेश कर चुकी है। अभियान के प्रमुख, लेखक एवं विचारक गुरुदेव भास्कर राव रोकड़े ने कांग्रेस कार्यालय भवन में प्रेस वार्ता कर बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यों, विचारों और उनके क्रांतिकारी निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह चार वर्षीय अभियान मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में संचालित किया जा रहा है। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस जिलाध्यनक्ष अनूपपुर गुड्डू चौहान, पूर्व कांग्रेस जिलाध्य क्ष रमेश सिंह, कांग्रेसी नेता वासूदेव चटर्जी, कार्यालय मंत्री सतेन्द्र स्वारूप दुबे सहित रफी अहमद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि 12 जुलाई 2024 को भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किए जाने के बाद इंदिरा गांधी के विरुद्ध दुष्प्रचार शुरू हुआ, जिसके जवाब में सम्यक अभियान ने देशभर में संवाद और जनजागरण की पहल प्रारंभ की। इसी क्रम में दिल्ली, मुंबई, भोपाल, नागपुर, जयपुर और लखनऊ सहित विभिन्न शहरों में पत्रकार वार्ताओं के माध्यम से इंदिरा गांधी के योगदान को सामने लाने का प्रयास किया गया। भास्कर राव रोकड़े ने बताया कि 19 नवंबर 2024 को ग्वालियर में इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती को 'संकल्प दिवस' के रूप में मनाते हुए इंदिरा ज्योति अभियान की शुरुआत की गई। इसके बाद 108वें जयंती वर्ष को 'सृजन वर्ष' के रूप में मनाते हुए वर्षभर में 108 आयोजन किए गए, जिनका समापन भोपाल के रविन्द्र भवन स्थित मुक्ताकाश मंच पर राष्ट्रीय समारोह के रूप में हुआ। इसी अवसर पर 'चलें रामराज्य की ओर अभियान' का भी शुभारंभ किया गया। प्रेस वार्ता में बताया गया कि इंदिरा ज्योति यात्रा एवं चलें रामराज्य की ओर संकल्प यात्रा के प्रथम चरण का समापन 5 जून को सागर में होगा। इसके पश्चात अनूपपुर जिले में जिला स्तरीय यात्रा प्रारंभ की जाएगी, जिसके माध्यम से जिलेभर में जनसंपर्क, सभाएं और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान व महायज्ञ की धूम

कोतमा नगर में धार्मिक आस्था और उत्साह का अनूठा संगम

**कोतमा नवभारत 28 मई।** स्थानीय जैन समाज और चंदेरिया परिवार के तत्वावधान में कोतमा नगर में इन दिनों धार्मिक आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। यहां श्री 1008 श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ की धूम मची हुई है।

25 मई से शुरू हुआ यह भव्य धार्मिक महोत्सव 31 मई तक पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस आयोजन को राष्ट्रसंत आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज का आशीर्वाद एवं आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज का मंगल आशीर्वाद प्राप्त है। कार्यक्रम निर्यापक मुनि श्री 108 प्रसाद सागर महाराज, मुनि श्री 108 शीतल सागर महाराज, आर्यिका 105 अनंतमति माता (ससंघ) एवं आर्यिका 105 विमलमति माता (ससंघ) के पावन सानिध्य में संपन्न हो रहा है।




### प्रतिदिन हो रहे मंगल प्रवचन

विधानाचार्य पं. राजेन्द्र एवं अंकित द्वारा बेहद सुरीले और मांगलिक मंत्रोच्चार के साथ विधान की क्रियाएं संपन्न कराई जा रही हैं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 6:30 बजे घट यात्रा, ध्वजारोहण, देवआज्ञा, गुरुआज्ञा और आचार्य निमंत्रण के साथ हुई, जिसके बाद सिद्धचक्र महामण्डल विधान का विधि-विधान से प्रारंभ किया गया। प्रतिदिन प्रात: 6:30 बजे से भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजन, विधान और मुनि श्री व आर्यिका श्री के मंगल प्रवचन हो रहे हैं।

### पूर्णाहुति एवं शोभायात्रा 31 को

आगामी 31 मई को सुबह 06:30 बजे से अभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजन के साथ ही 'शांति विधान' और 'विश्व शांति महायज्ञ' की पूर्णाहुति होगी। इसके पश्चात श्रीजी की भव्य और ऐतिहासिक नगर भ्रमण (शोभायात्रा) निकाली जाएगी। इस धार्मिक महोत्सव के मुख्य आयोजक चंदेरिया परिवार एवं जैन समाज कोतमा हैं। नगर में इस विधान को लेकर भारी उत्साह है और संपूर्ण क्षेत्र का माहौल पूरी तरह से धर्ममय और भक्तिमय हो चुका है।

# ग्राम पंचायत देवरी में जमीन विवाद ने पकड़ा तूल

कार्रवाई नहीं होने पर सीएम हेल्पलाइन में लगाई गुहार, पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

**अनूपपुर, नवभारत 28 मई।** जिले के फुनगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में जमीन विवाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गांव निवासी शांति प्रजापति ने पड़ोसियों पर बाड़ी की बाउंड्री वॉल तोड़ने, कुएं को नुकसान पहुंचाने तथा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

मामले में कार्रवाई नहीं होने से नाराज पीड़िता ने अब सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार घटना शाम करीब 3 बजे से रात 7 बजे के बीच की बताई जा रही है। शांति प्रजापति ने फुनगा चौकी में दर्ज शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव की चंद्रवती, उसका पुत्र शंभू एवं दोनों बहुएं उनकी बाड़ी में जबरन घुस आए और वहां निर्मित ईंट की बाउंड्री वॉल को तोड़ दिया। साथ ही कुएं को भी नुकसान पहुंचाया गया।



### आरोपियों ने महिला से की अभद्रता

पीड़िता का कहना है कि वह उक्त जमीन पर लंबे समय से निस्तार करती आ रही हैं। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की तथा झूठे मामलों में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। शांति प्रजापति ने आरोप लगाया कि शिकायत के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### दोषियों पर कार्यवाही की मांग

इससे परेशान होकर उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के माध्यम से उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं क्षेत्र में इस मामले को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते विवाद का समाधान नहीं हुआ तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

राहत | तापमान में गिरावट से मिली राहत, पर्यटकों और श्रद्धालुओं ने लिया सुहावने मौसम का आनंद

# नौतपा के चौथे दिन गरज-चमक के हुई बारिश

**अमरकंटक, नवभारत 28 मई।** जिले की प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक-आध्यात्मिक नगरी अमरकंटक में नौतपा के चौथे दिन गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट ली। दोपहर बाद गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ करीब आधे घंटे तक हुई बारिश से वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली।

नौतपा की तपिश के बीच बदले मौसम का असर तापमान पर भी देखने को मिला। अमरकंटक का अधिकतम तापमान घटकर 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले दिनों की तुलना में तापमान में गिरावट आने से मौसम काफी सुहावना बना रहा। वहीं वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूपआई) 81 दर्ज किया गया, जो स्वच्छ और बेहतर हवा की स्थिति को दर्शाता है।




### दोपहर से ही था बादलों को डेरा

गुरुवार दोपहर से ही अमरकंटक के आसमान में काले बादलों का जमाव शुरू हो गया था। इसके बाद तेज गर्जना और चमक के साथ बारिश शुरू हुई, जिससे नगर सहित आसपास के क्षेत्रों का मौसम पूरी तरह बदल गया।

हल्की ठंडी हवाओं और बारिश की फुहारों ने नौतपा की तेज गर्मी को काफी हद तक कम कर दिया।

### पर्यटकों व श्रद्धालुओं उठाया मौसम का लुत्फ

मौसम में आए इस बदलाव का आनंद स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में पहुंचे पर्यटकों, श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों ने भी लिया। नर्मदा उद्गम स्थल सहित विभिन्न धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थलों पर पहुंचे लोगों ने बारिश के बीच अमरकंटक की मनोरम वादियों और हरियाली का आनंद उठाया।

### हल्की वर्षा की संभावना बनी रहेगी

प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक वातावरण के लिए प्रसिद्ध अमरकंटक में नौतपा के दौरान लगातार दूसरे दिन बदले मौसम ने लोगों को राहत पहुंचाई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी दिनों में भी बादलों की आवाजाही और हल्की वर्षा की संभावना बनी रह सकती है, जिससे भीषण गर्मी से लोगों को कुछ और राहत मिलने के आसार हैं।

### अग्नि सुरक्षा एवं आपातकालीन प्रबंधन सेमिनार का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी अमित कुमार साहनी के मार्गदर्शन में बुधवार 27 मई को संरक्षा विभाग एवं केंद्रीय चिकित्सालय, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय अग्नि सुरक्षा एवं आपातकालीन प्रबंधन सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल टीम एवं अन्य रेल कर्मचारियों को आग लगने जैसी आपात स्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई हेतु प्रशिक्षित करना था। अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह, जहाँ मरीज पूर्णत: दूसरों पर निर्भर रहते हैं, वहाँ आपदा प्रबंधन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। सेमिनार के दौरान संरक्षा विशेषज्ञों द्वारा अस्पताल में स्थापित ऑटोमैटिक फायर अलार्म सिस्टम एवं आपातकालीन निकास द्वारों के लॉकिंग-अनलॉकिंग मेकैनिज्म की तकनीकी कार्यप्रणाली को विस्तारपूर्वक समझाया गया।